

दैनिक भारत कि

# तामीर

संपादक - काझी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com

Editor in chief- Qazi makhdoom shafiuddin




बीड (महाराष्ट्र) | वर्ष-२ ला | अंक-३३ वा | मंगळवार २१ अक्टूबर २०२५ | RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 | किमत : २ रूपये | पन्ने - ४




# अजित पवार के नेतृत्व में जयदत्त क्षीरसागर की राष्ट्रवादी में एंट्री संभव

## बीड़ जिले की साख को पुनः पाकिजा बनाने का प्रयास

बीड( संवाददाता )

बीड़ जिला, जो पिछले सत्तर वर्षों से अपनी राजनीतिक सक्रियता और दबंग छवि के लिए जाना जाता रहा है, और जहाँ गोपीनाथ मुंडे, बाबूराव अडसकर, बापू कालदाते, केशर काकु, अशोक पाटिल , रंजनी ताई पाटिल, सुंदर राव सालुंके , सफदर अली देवमुख,जैसे नेताओं का नाम जुड़ा है, हमेशा साफ-सुथरी और सम्मानजनक राजनीतिक छवि के लिए पहचाना गया। चाहे कॉर्पोरेट सेक्टर हो या अन्य क्षेत्र, बीड़ जिला अपनी पारदर्शिता और अनुशासन के लिए जाना जाता था।

लेकिन पिछले दो वर्षों में जिले को बलात्कार, खंडनी, हत्या और किडनैपिंग जैसी घटनाओं के चलते राज्यभर में बदनामी का सामना करना पड़ा। इस दौरान एक मंत्री को भी इस्तीफा देना पड़ा, जिससे जिले की राजनीतिक प्रतिष्ठा पर असर पड़ा।

इसी संदर्भ में बीड़ जिले के पालक मंत्री अजित पवार, जो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री भी हैं, जिले की साख और सम्मान को पुनः स्थापित करने के लिए सक्रिय हुए हैं। उनके नेतृत्व में जयदत्त क्षीरसागर की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में एंट्री संभव मानी जा रही है।

जयदत्त क्षीरसागर एक अनुभवी और वरिष्ठ नेता हैं, जिनका कद और अनुभव राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में प्रभावशाली है। हिंदू, मुस्लिम, दलित और ओबीसी समाज में उनका एक बड़ा समर्थक समूह है। इसके अलावा, शिक्षा और सहकारिता क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ और नेतृत्व क्षमता उन्हें जिले के विकास और समाज सेवा में एक प्रभावी नेता बनाती है।

विशेषज्ञों के अनुसार, यदि यह कदम सफल होता है, तो यह बीड़ जिले के लिए एक वरदान और दिवाली का तोहफ़ा साबित होगा, जो जिले की राजनीतिक और सामाजिक छवि को पुनः पाकिजा और सम्मानजनक बनाएगा।

# महाराष्ट्र का 'विजन डॉक्युमेंट' करेगा विकसित भारत के सपने को साकार: देवेंद्र फडणवीस

मुंबई□जमीर काजी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज़ादी के शताब्दी वर्ष यानी २०४७ में विकसित भारत का जो सपना देखा है, उस सपने को साकार करने में महाराष्ट्र का 'विजन डॉक्युमेंट' महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा – ऐसा विश्वास मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सह्याद्री अतिथिगृह में आयोजित विकसित महाराष्ट्र २०४७ सलाहकार समिति की बैठक में व्यक्त किया।



इस अवसर पर महाराष्ट्र २०४७ के मसौदे को सलाहकार समिति की मंज़ूरी मिल गई। अब यह मसौदा शीघ्र ही मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इस मसौदे में २०२९, २०३५ और २०४७ तक तीन चरणों में विकसित महाराष्ट्र का लक्ष्य प्राप्त करने का रोडमैप प्रस्तुत किया गया है।

बैठक में कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगलप्रभात लोढा, पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे, तथा मत्स्य व्यवसाय मंत्री नितेश राणे उपस्थित थे, जबकि शालेय शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे और सार्वजनिक निर्माण मंत्री शिवेंद्रसिंह राजे भोसले ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि विकसित महाराष्ट्र का यह मसौदा एक ऐतिहासिक दस्तावेज़ है। भविष्य में कोई भी योजना या नीति बनाते समय इस दस्तावेज़ का उपयोग किया जाना चाहिए। यह 'डॉक्युमेंट' महाराष्ट्र को केवल अन्य राज्यों से ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाएगा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि पूरे मसौदे को वीडियो स्वरूप में भी प्रस्तुत किया जाए।

उन्होंने कहा कि आगे से प्रशासनिक विभागों द्वारा अनुमोदन के लिए आने वाले प्रस्तावों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (-ख) के आधार पर स्वीकार करने की व्यवस्था तैयार की जाए। यदि किसी प्रस्ताव में कमियां हों, तो उन्हें कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से सुधारने की प्रक्रिया बनाई जाए – इससे समय की बड़ी बचत होगी। इसके लिए -ख आधारित प्रभावी कार्य के लिए डङच् (लार्ज लैंग्वेज मॉडल) विकसित करने का निर्देश भी दिया गया।

उद्योग विभाग को यह भी आदेश दिया गया कि विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की जानकारी के लिए 'क्लाउड कंप्यूटिंग' आधारित प्रणाली तैयार की जाए, जिससे सभी विभागों को लाभ हो सके। साथ ही, उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र को आगे बढ़ाते हुए ऐसा टिकाऊ विकास मॉडल बनाया जाए जो भविष्य में किसी भी चुनौती के सामने मजबूत बना रहे।

'विकसित महाराष्ट्र २०४७' के मसौदे के लिए १९ जून २०२५ से २८ जुलाई २०२५ तक पूरे राज्य में सर्वेक्षण किया गया। इसमें चार लाख नागरिकों ने अपनी प्रतिक्रिया दी, जिनमें ३५ हजार ऑडियो संदेश शामिल थे। अधिकांश प्रतिक्रियाएं विकास संबंधी सुझावों से जुड़ी थीं। इसके अतिरिक्त, विभिन्न विभागों के विशेष सर्वेक्षणों में सात लाख से अधिक नागरिकों ने भाग लिया।

# बीड़ शहर पुलिस थाने के अपराध क्रमांक १८५/२०२५ में आरोपियों की अग्रिम ज़मानत याचिका खारिज – अधिवक्ता तोफीक पठान



बीड़ (प्रतिनिधि) –

बीड़ शहर पुलिस स्टेशन में दर्ज अपराध क्रमांक १८५/२०२५ के मामले में आरोपी सिद्दीकी अतीका बेगम और उनके पति मोहम्मद अनवरुल्ला मोहम्मद अब्दुल रशीद द्वारा दायर की गई अग्रिम ज़मानत याचिका (Anticipatory Bail -pplication) को आज सत्र न्यायालय क्रमांक २, बीड़ ने नामंज़ूर (खारिज) कर दिया है।

घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है –

निलंबित मुख्याध्यापिका सिद्दीकी अतीका बेगम और उनके पति मोहम्मद अनवरुल्ला मोहम्मद अब्दुल रशीद ने आपसी मिलीभगत से, निलंबन अवधि के दौरान नूर उर्दू प्राथमिक विद्यालय, बीड़ के मुहर (सील) का गैरकानूनी उपयोग करते हुए बोगस और फ़र्ज़ी टी.सी. (ट्रान्सफर सर्टिफिकेट) जारी किए। इस कारण से विद्यालय तथा विद्यार्थियों के साथ धोखाधड़ी हुई। इसी आरोप के तहत बीड़ शहर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था।

फरियादी पक्ष की ओर से अधिवक्ता तोफीक शफीक पठान ने अदालत में जोरदार दलीलें पेश कीं। उन्होंने कहा कि आरोपी ज़मानत पाने के योग्य नहीं हैं। अधिवक्ता पठान ने अपराध की गंभीरता और उपलब्ध सबूतों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अगर आरोपियों को ज़मानत दी गई, तो इससे जांच प्रक्रिया पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, फरियादी पक्ष के मुद्दों को स्वीकार करते हुए, आरोपियों की अग्रिम ज़मानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया।

अधिवक्ता तोफीक पठान को इस मामले में अधिवक्ता सय्यद साजेद और अधिवक्ता पी. बी. वैरागळ का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।








उर्दू दैनिक तामीर के २५ वे साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश

# तरुणों का भविष्य बचाने के लिए बीड़ पुलिस की पहल; 'नशामुक्त बीड़' की ओर कदम!

## स्थानीय अपराध शाखा का सराहनीय कार्य-६ अपराध उजागर, ३ आरोपी गिरफ्तार

बीड़ प्रतिनिधि

बीड़ ज़िले के युवाओं को नशे और मादक पदार्थों के जाल से बाहर निकालने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से बीड़ जिला पुलिस बल की ओर से नशामुक्त बीड़ – हमारी ज़िम्मेदारी नामक विशेष मुहिम शुरू की गई है।

इस अभियान की शुरुआत पुलिस अधीक्षक नवनीत कवत के मार्गदर्शन में की गई है। इस मुहिम के लिए आतंकवाद विरोधी पथक (-ढड) के प्रभारी अधिकारी रत्नाकर घोळवे को ज़िलास्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इस अभियान के माध्यम से गांजा, अफ़ीम जैसे मादक पदार्थों की खेती, भंडारण, बिक्री, परिवहन और उपयोग पर रोक लगाने के साथ-साथ नशे की दवाइयों, गोलियों, सॉल्यूशन और व्हाइटनर जैसे पदार्थों के अवैध उपयोग को बंद करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

जनता को किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी पुलिस तक आसानी से पहुँचाने के लिए विशेष मोबाइल नंबर ९२७०२४३२०० जारी किया गया है। नागरिक 'प्रोजेक्ट संवाद' के ठठ कोड के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि सूचना देने वाले नागरिक का नाम और मोबाइल नंबर पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा, और किसी भी परिस्थिति में उनकी पहचान उजागर नहीं की जाएगी।

इस अभियान के बारे में अपील करते हुए पुलिस अधीक्षक नवनीत कवत ने कहा –

बीड़ ज़िले का हर नागरिक समाज में व्यसनमुक्ति के प्रति जागरूकता लाने के लिए आगे आए। मादक पदार्थों से जुड़ी कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। आपकी छोटी-सी जानकारी किसी युवक का भविष्य बचा सकती है और हमारे ज़िले को नशामुक्त बनाने में बड़ी भूमिका निभा सकती है।

९ स्थानीय अपराध शाखा की बड़ी सफलता!

बीड़ ज़िले में घरफोड़ियों, चोरियों और चैन-स्नैचिंग जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक नवनीत कवत ने विशेष मोहीम चलाने के आदेश दिए थे।

इन आदेशों के तहत स्थानीय अपराध शाखा (ङ.उ.इ.) ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए कुल ६ अपराधों का खुलासा किया है।

कार्रवाई में चोरी के मोबाइल, सोना-चांदी के गहने और ७,००० नकद बरामद किए गए हैं।

९ बस स्टैंड में हुई चैन चोरी का खुलासा

१४ अक्टूबर को गेवराई बसस्थानक (बस स्टैंड) पर एक महिला के गले से सोने का लॉकेट अज्ञात चोर ने चुरा लिया था। जांच में आरोपी मनोज उर्फ शरदया महादेव बहीरवाळ (उम्र १९, निवासी माडुली नगर, बीड़) का नाम सामने आया।

स्थानीय अपराध शाखा ने उसे बीड़ बसस्थानक परिसर से गिरफ्तार कर चोरी का सोने का चैन बरामद किया।

गु.र.नं. ६१४/२०२५ कलम ३०३(२) बी.एन.एस.

आरोपी व माल पुढील जांच हेतु गेवराई पुलिस थाने के हवाले किया गया है।

दो रातों की घरफोड़ियों का भंडाफोड़

गोपनीय जानकारी के आधार पर ङ.उ.इ. बीड़ ने आयान असलम शेख (निवासी अज़ीजपुरा, बीड़) को माने कॉम्प्लेक्स के पास से गिरफ्तार किया।

उसके पास से चोरी का सोना, चांदी और ७,००० नकद बरामद हुए।

जांच में खुलासा हुआ कि उसने अपने साथी अमीर उर्फ लंगड़ा लाला जहागीरखान पठान (निवासी ढगे कॉलनी, बीड़) के साथ मजलगांव शहर में दो घरफोड़ियाँ की थीं।

गु.र.नं. ३४०/२०२५ कलम ३३१(४), ३०५(ए) बी.एन.एस.

गु.र.नं. ३२४/२०२५ कलम ३३१(४), ३०५(ए) बी.एन.एस.

आयान शेख को आगे की जांच के लिए मजलगांव शहर पुलिस थाने को सौंपा गया है, जबकि अमीर पठान फिलहाल बीड़ कारागृह में बंद है।

सभा स्थल और बसस्थानक की तीन चोरियाँ उजागर

१७ अक्टूबर को छत्रपती संभाजी महाराज चौक पर आयोजित सभा में भीड़ का फायदा उठाकर एक नागरिक का मोबाइल और नकद राशि चुराने के आरोप में नितिन अशोक जाधव (उम्र ३०, निवासी गांधी नगर, बीड़) को गिरफ्तार किया गया।

उसके पास से चोरी का मोबाइल और नकद रकम बरामद हुई। पूछताछ में उसने बीड़ और मजलगांव बसस्थानक पर हुई दो अन्य चोरियों की कबूलात की।

गु.र.नं. २०४/२०२५ बीड़ शहर पुलिस ठाणे कलम ३०३(२) बी.एन.एस.

गु.र.नं. ४५४/२०२५ शिवाजीनगर पुलिस ठाणे कलम ३०३(२) बी.एन.एस.

गु.र.नं. ३७६/२०२५ मजलगांव शहर पुलिस ठाणे कलम ३०३(२) बी.एन.एस.

आरोपी को आगे की जांच हेतु बीड़ शहर पुलिस थाने के हवाले कर दिया गया है।

# सच के सिपाही फ़ारूक़ अंसारी का सम्मान : कलम की ईमानदारी को सलाम

जलगांव

(अकील ख़ान ब्यावली)

कलम के पवित्र दायित्व को सम्मान देने वाले, सच्चाई और निष्पक्षता के प्रतीक, तथा उर्दू पत्रकारिता की तेजस्वी पहचान फ़ारूक़ अंसारी (संपादक, दैनिक उर्दू टाइम्स, मुंबई) को उनकी चार दशकों पर फैली विशिष्ट, निडर और निष्ठावान पत्रकारिता सेवाओं के लिए अलामा शिब्ली नोमानी पुरस्कार से सम्मानित किया गया.







यह पुरस्कार फैमिली फ़र्स्ट गाइडेंस सेंटर और अंजुमन-ए-इस्लाम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला सुखद वैवाहिक जीवन के अवसर पर प्रदान किया गया, जिसमें शिक्षा, साहित्य, पत्रकारिता और समाजसेवा से जुड़ी अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित थीं

चार दशकों का उज्वल पत्रकारिता-सफ़र...

फ़ारूक़ अंसारी साहब ने बीते चालीस वर्षों में उर्दू पत्रकारिता को नई दिशा और नई पहचान दी,

उनकी लेखनी ने हमेशा ईमानदारी, मर्यादा और सिद्धांतों को सर्वोपरि रखा उन्होंने न केवल पाठकों और प्रशंसकों को सशक्त बनाया बल्कि अनेक युवा पत्रकारों को प्रशिक्षित कर सच्ची पत्रकारिता का अर्थ समझाया.

उन्होंने हमारे शहर – हमारे मसले शीर्षक से एक शोधपरक स्तंभ शुरू किया, जिसके माध्यम से वे महाराष्ट्र के छोटे कस्बों, गांवों और आदिवासी इलाकों तक पहुचे – जहां उन्होंने समाज के उपेक्षित वर्गों और क्षेत्रीय समस्याओं को राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाया.

उनका लेखन सदैव राष्ट्रीय व साम्प्रदायिक सौहार्द, सामाजिक न्याय, शिक्षा और जनकल्याण पर आधारित रहा है।

छठउ, वक्फ़ संशोधन विधेयक और कोविड-१९ संकट जैसे कठिन समय में भी उनका कलम डटा रहा – मार्गदर्शन करता रहा.उनके लेख आज भी पत्रकारी शोध, सरल भाषा, सटीक विश्लेषण और जनसंवेदना के आदर्श उदाहरण माने जाते हैं

पत्रकारिता, साहित्य और सेवा का समन्वय.

फ़ारूक़ अंसारी साहब ने पत्रकारिता को केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सुधार और जनजागरण का शस्त्र बनाया.उनकी रचनाओं में आध्यात्मिकता, सच्चाई और निष्ठा की गहराई झलकती है। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान सराहनीय रहा है – वे निरंतर शैक्षणिक संस्थानों की मार्गदर्शन व प्रोत्साहन में सक्रिय रहते हैं।

उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि पत्रकारिता जब नैतिकता और समाजसेवा से जुड़ती है, तो वह इबादत बन जाती है.

साहित्यिक व पत्रकारिता जगत की मुबारकबादी।

इस अवसर पर अनेक साहित्यकारों, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई दी.

अकील ख़ान ब्यावली, सईद पटेल, मुस्लिम कबीर, वासिक नवीद,आबीद हूसेन फिरोज़ ख़ान फिरोज़, सैय्यद नौशाद हमीद सहित कई सहयोगियों ने कहा..फ़ारूक़ अंसारी साहब ने उर्दू पत्रकारिता को गरिमा दी, भाषा को प्रतिष्ठा दी और कलम को ज़मीर की आवाज़ बनाया

यह पुरस्कार दरअसल सत्य, सिद्धांत और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है अल्लाह से प्रार्थना है कि वे फ़ारूक़ अंसारी साहब को और अधिक सम्मान, सेहत, प्रेरणा और दीर्घायु प्रदान करें.उनकी कलम सदा सत्य, न्याय और इंसानियत की राह को उजाला देती रहे




# जमात-ए-इस्लामी ने गुजरात के ३६ सेवकों और मुस्लिम कार्यकर्ताओं को स्टार्स ऑफ़ उम्मा पुरस्कार प्रदान किया

## वरिष्ठ पत्रकार हबीब शेख को सितारा उम्मा पुरस्कार से सम्मानित किया गया

हबीब शेख

अहमदाबाद

समाज के निस्वार्थ और परोपकारी सेवकों, व्यापारियों और कार्यकर्ताओं, जिन्होंने बिना किसी प्रशंसा या प्रसिद्धि के अपना पूरा जीवन समाज सेवा में समर्पित कर दिया है, को जमात-ए-इस्लामी, गुजरात द्वारा आयोजित स्टार्स ऑफ़ उम्मा पुरस्कार कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। शहर में आयोजित एक समारोह में गुजरात के विभिन्न क्षेत्रों के कुल ३६ सेवकों को शॉल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पवित्र परिवर्तन के पथप्रदर्शक हज़रत मुहम्मद अ.व. अभियान। इस कार्यक्रम में चार महिलाओं सहित ३६ लोगों को स्टार्स ऑफ़ उम्मा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता हबीब शेख को भी सम्मानित किया गया।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हज़रत मुफ़्ती अहमद देवला (डी.टी.) (संयोजक, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, गुजरात), हज़रत सैयद मोइनुद्दीन कमालुद्दीन रिफाई (सज्जादानशीन खानके रिफाई), मैनेजिंग ट्रस्टी रिफाई अकादमी एंड वेलफेयर ट्रस्ट, बड़ौदा और मेडिकल हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. बच्चूभाई देसाई (एमडी) थे। कार्यक्रम का आयोजन जमात-ए-इस्लामी हिंद की महिला शाखा शाइस्ता परवीन और अमीर जमात डॉ. मुहम्मद सलीम पाटीवाला की उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम में जमीयत उलेमा, गुजरात के महासचिव प्रो. निसार अहमद अंसारी और वरिष्ठ अधिवक्ता ताहिर हकीम भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत कारी अशफ़ाक़ साहब द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। इसके बाद, सीरत अभियान के संयोजक शकील अहमद राजपूत ने स्वागत भाषण दिया और एक डिजिटल प्रस्तुति के माध्यम से इस अभियान के नेक उद्देश्यों को समझाया। अतिथियों का स्वागत गुलदस्ते और शॉल भेंट करके किया गया। भव्य कार्यक्रम में प्रोफेसर अब्दुल रहमान टी. सिंधी-पालनपुर, जट अली मुहम्मद ममद-कच्छ, शफीभाई मलिक-अहमदाबाद, मौलाना निसार अहमद पटेल-जालुद, मुहम्मद जुबैर कुरेशी, इरशाद भाई मौलाना हबीब-उर-रहमान वोहरा-आनंद, सोहेल मुहम्मद रफीक, डॉ. अब्दुल मान, डॉ. अब्दुल मान और डॉ. हुसैन वडोदरा, अब्दुल रहीम पी. बच्चूभाई मोदासा ने भाग लिया। शॉल. जबकि एडवोकेट मुहम्मद नवीद अब्दुल रजाक शेख, साजिद खान अहमद खान पठान सूरत, मुश्ताक मुहम्मद गुलाम हैदर काजी, फैसल अहमद बेरा और गफ्फार भाई कुरैश गिर सोमनाथ जिन्होंने स्वास्थ्य, खेल और अन्य क्षेत्रों में योगदान दिया, उन्हें सलीम पाटीवाला द्वारा सम्मानित किया गया। इस प्रकार, सेवा के क्षेत्र में कुल ३६ लोगों को उम्माह के सितारे पुरस्कार और शॉल से सम्मानित किया गया।







दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटरर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharashtra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com